# INDIAN SCHOOL SALALAH

## SECOND TERM EXAMINATION – FEBRUARY – MARCH 2023

**Class: VI** **HINDI-2nd LANGUAGE**

**Time : 3 Hrs.** **(कुल प्रश्न - 18 कुल पृष्ठ - 5)** **Maximum Marks: 80**

---

1. **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर छाँटिए: -** **5**X**1**=5

रक्षाबंधन भाई-बहन के प्यार का प्रतीक त्यौहार है। इस त्यौहार पर बहनें अपने भाइयों की कलाइयों पर राखी बाँधती हैं। भाई अपनी बहन की हमेशा रक्षा करने का वचन देता है। राखी सामान्यतः सुनहरे, चमकीले और रेशमी धागे से बनती है। यह त्यौहार जुलाई-अगस्त में श्रावण मास में पड़ता है। रानी कर्णावती ने मुगल बादशाह हुमायूँ को राखी भेजकर सहायता माँगी थी। हुमायूँ राखी पाकर इतना भावुक हुआ कि उसने तुरंत ही कर्णावती की रक्षा के लिए अपनी सेना भेज दी थी। रक्षाबंधन के दिन बहनें पूजा की थाली तैयार करती हैं और उसमें राखियाँ, चावल के दानें, अगरबत्तियाँ और मिठाइयाँ सजाती हैं। अपने भाइयों की आरती करने के बाद वे उनकी कलाइयों पर आकर्षक राखियाँ बाँधती हैं।

प्रश्नः-

1. **रक्षाबंधन किसका प्रतीक है**?

क. घृणा का ख. दुश्मनी का ग. भाई-बहन के प्यार का

**2. रक्षाबंधन किस माह में मनाया जाता है**?

क. जनवरी-फरवरी ख. जुलाई-अगस्त ग. मार्च-अप्रैल

**3. रक्षाबंधन के दिन बहनें पूजा की थाली में क्या-क्या सजाती हैं**?

क. राखियाँ और मिठाइयाँ ख. फल और फूल ग. खिलौने और मिठाइयाँ

**4. रक्षाबंधन के दिन बहनें अपने भाइयों की कलाइयों में क्या बाँधती है**ं?

क. रस्सी ख. राखी ग. घड़ी

**5. रानी कर्णावती ने किसको राखी भेजकर सहायता माँगी थी**?

क. अकबर को ख. हुमायूँ को ग. शिवाजी को

**2.** **वचन बदलिएः-** 2X½=1

घड़ी, लड़की

**3. विलोम शब्द लिखिएः-** 4X½=2

हरियाली, परिश्रम, सज्जन, अनुकूल

**4. लिंग बदलिएः-** 4X½=2

मुंशी, माली, पति, अभिनेता

**5. दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिएः-** 4X½=2

बादल, बिजली

**6. अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिएः-** 4X½=2

क. जिस मौसम में पत्ते झड़ जाते हैं-

ख. एक ही कक्षा में पढ़नेवाले-

ग. जिसका बहुत मूल्य हो-

घ. जिसमें स्वार्थ भावना न हो-

**7. उचित संबंधबोधक शब्दों से वाक्यों की पूर्ति कीजिएः-** 4X½=2

क. प्यासा कौआ पेड़ .......... बैठा है।

ख. मेरे घर ........ उपवन है।

ग. वह अपने मित्रों .......... घूमने चला गया।

घ. हम पानी ............ नहीं रह सकते।

**8. उचित विशेषण शब्दों से वाक्यों की पूर्ति कीजिएः-** 4X½=2

क. मोहन एक ............ विद्यार्थी है।

ख. राधा बहुत ............ लड़की है।

ग. माहात्मा गांधी --------- व्यकित थे।

घ. रमेश बहुत ...... सिपाही है।

**9. निम्नलिखित वाक्यों में से क्रिया विशेषण शब्द छाँटकर लिखिएः-** 4X½=2

क. राधा ध्यान से चलती है।

ख. मोहन धीरे-धीरे खाता है।

ग. राधिका गलत खेलती है।

घ. राकेश हमेशा झूठ बोलता है।

**10. किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिएः-** **5**

मेरा मन पसंद खिलाड़ी, गणतंत्र दिवस, बालश्रम


**11.** परीक्षा की तैयारी के बारे में बताते हुए मित्र को पत्र लिखिए। **5**

**अथवा**

गरमी की छुट्टियों में सलालाह आने का निमंत्रण देते हुए मित्र को पत्र लिखिए।

12. परीक्षा की तैयारी के संबंध में दो मित्रों के बीच संवाद लिखिएः- 5

13. चित्र देखकर लगभग 40-50 शब्दों में अपने विचार लिखिएः- 5



**खण्ड - ख**

**14. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर छाँटिए**:- **5**x1=**5**

पंड़ित चंद्रधर एक स्कूल में अध्यापक थे। उन्हें पंद्रह रुपए वेतन मिलता था। उनके पड़ोस में ठाकुर अतिबल सिंह और मुंशी बैजनाथ रहते थे। ठाकुर अतिबल सिंह थाने में कांस्टेबल थे और मुंशी बैजनाथ तहसील में सियाहेनवीस थे। दोनों का वेतन पंड़ित जी से अधिक न था, तब भी उनकी ज़िंदगी चैन की और सुखमय थी। संध्या को वे कचहरी से आते, बच्चों को पैसे और मिठाइयाँ देते। सारे मोहल्ले में उनका रोब था। बनिए उठकर सलाम करते। घर में मेंज़, गलीचे आदि थे। दोनों पंड़ित जी को कभी-कभी आटा, दूध और सब्ज़ी भेज देते थे। पंड़ित जी को दोनों के लड़कों को पढ़ाना पड़ता। पंड़ित जी समय

पर स्कूल जाते और मन लगाकर पढाते थे। उनके शिष्य उनका बहुत आदर करते थे। एक बार मुंशी जी और ठाकुर जी ने अयोध्या यात्रा की सलाह की। पंड़ित जी को भी साथ चलने के लिए कहा। पंड़ित जी ने मना किया। जब उन लोगों ने खर्च देना स्वीकर किया तो पंड़ित जी इनकार न कर सके।

प्रश्नः-

**क. सारे मोहल्ले में किनका रोब था**?

1. पंड़ित जी का  2. मुंशी और ठाकुर जी का  3. बनिए का

**ख. कचहरी से आने पर वे बच्चों को क्या देते थे**?

1. दूध  2. आटा  3. पैसे

**ग. पंड़ित जी को कितना वेतन मिलता था**?

1. दस रुपए  2. पंद्रह रुपए  2. बीस रुपए

**घ. पंड़ित जी के शिष्य उनका आदर करते थे क्योंकि-**

1. वे मन लगाकर नहीं पढ़ाते थे  2. वे मन लगाकर पढ़ाते थे  3. वे दारोगा और मुंशी जी के मित्र थे

**ङ. पंड़ित जी यात्रा पर जाने को क्यों तैयार हो गए**

1. पंड़ित घूमना चाहते थे।

2. मंशी जी और ठाकुर जी उनके मित्र थे।

3. वे लोग पंड़ित दी का खर्च देने को तैयार थे।

**15. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर छाँटिए**:- **5**x1=**5**

कहीं रहे कैसे भी मुझको प्यारा हर इनसान है
मुझको अपनी मानवता पर बहुत अभिमान है।
अरे नहीं देवत्व मुझे तो भाता है मनुजत्व ही,
और छोड़कर प्यार नहीं स्वीकार सकल अमरत्व भी
मेरी धरती सौ-सौ स्वर्गो से ज्य़ादा सुकुमार है।
कोई नहीं पराया, मेरा घर सारा संसार है।
मैं सिखलाता हूँ कि जियो और जीने दो संसार को,
जितना ज्य़ादा बाँट सको तुम बाँटो अपने प्यार को
हँसो इस तरह हँसे तुम्हारे साथ दलित यह धूल भी,
चलो इस तरह कुचल न जाए पग से कोई शूल भी,
सुख न तुम्हारा केवल जग का भी उसमें कुछ भाग है,
फूल डाल का पीछे पहले उपवन का श्रृंगार है।

प्रश्नः-

**क. कवि को किस पर अभिमान है**?

1. अपने देवत्व पर 2. अपनी मानवता पर 3. अपने अमरत्व पर

**ख. कवि को क्या भाता है**?

1. स्वर्ग 2. अमरत्व 3. मनुजत्व

**ग. कवि अपने साथ किसको हँसाना चाहते हैं**?

1. फूल को 2. धूल को 3. उपवन को

**घ. कवि क्या बाँटना चाहते है**?

1. घृणा 2. प्यार 3. सुख

**ङ कवि किस प्रकार की कहानियाँ नहीं सुनना चाहता है**?

1. स्वर्ग सुख की 2. प्यार की 3. दलित की

**16. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 20-25 शब्दों में लिखिएः-** 5x2=10

क. कवि कैसा जीवन बिताने की बात कर रहे हैं**?**

ख. गांधी जी ने अपनी माँ के विषय में सबको क्या बताया**?**

ग. वेनका के दादाजी कैसे थे**?**

घ. मुसाफ़िरों ने दारोगा जी को जगह क्यों नही दी**?**

ङ वसंत ऋतु में प्रकृति कैसी दिखाई देती है**?**

**17. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 30-40 शब्दों में लिखिएः-** **5x3=15**

क. कष्ट के बिना सुख का कोई अर्थ नही होता - कवि ने ऐसा क्यों कहा है**?**

ख. मोहनदास ने अपनी माँ का उपवास खुलवाने के लिए क्या योजना बनाई**?**

ग. वेनका ने मास्को शहर के बारे में दादाजी को क्या लिखा**?**

घ. कृपाशंकर हाथ बाँधे सेवक की भाँति दौड़ता था । क्यों**?**

ङ कवि मानवता पर अभिमान क्यों करते हैं**?**

**18. सहपाठ के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिएः-** **1**+2+2=5

क. अहमद कौन था**?**

ख. शिवाजी ने अहमद की पुत्रवधू से क्षमा माँगते हुए क्या कहा**?**

ग. आप सच्चे वीर हैं - इस कथन से अहमद की पुत्रवधू का क्या अभिप्राय था**?**

-------------